दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 24-09-2025

# शहीदों का जीवन प्रेरणा का स्त्रोत: कुलपति

जींद| सीआरएसयू में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में अमर शहीद कैप्टन पवन के स्मारक पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करके उनके बलिदान को नमन किया। वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों का सम्मान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है।

अमर शहीद राव तुलाराम और हरियाणा के अनेक वीर बलिदानियों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों की गौरव गाथाएं हमें अपनी समृद्ध विरासत की सदैव याद दिलाएंगी। शहीदों की कुर्बानी सदैव युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। देश के



उन शूरवीरों को कभी नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने अपनी शहादत देकर देश की माटी का कर्ज अदा किया। ऐसे वीरों को सम्मान देते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अजमेर सिंह, डॉ. नरेश देशवाल, सुरेश कुमार, अमित सोलंकी सहित शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अमर उजाला

**Date – 24/09/2025**

# शहीदों का जीवन ऊर्जा व प्रेरणास्त्रोत : रामपाल

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. डॉ. रामपाल सैनी के निर्देशन में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया। प्रो. सैनी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों का सम्मान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। अमर शहीद राव तुलाराम और हरियाणा के अनेकों वीर बलिदानियों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों की गौरव गाथाएं हमें अपनी समृद्ध विरासत की सदैव याद दिलाएंगी। इस दौरान डॉ. अजमेर सिंह, डॉ. नरेश देशवाल, सुरेश कुमार, अमित सोलंकी मौजूद रहे। संवाद

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

**Date – 24/09/2025**



जींद। सीआरएसयू में शहीदों को नमन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# शहीदों को नमन किया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी के निर्देशन में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीदों को नमन करते उनके पराक्रम और बलिदान को याद किया गया। प्रो. सैनी ने शहीदों को नमन करते कहा कि शहीदों का सम्मान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। अमर शहीद राव तुलाराम और हरियाणा के अनेकों वीर बलिदानियों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों की गौरव गाथाएं हमें अपनी समृद्ध विरासत की सदैव याद दिलाएंगी। शहीदों की कुर्बानी सदैव युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। देश के उन शूरवीरों को कभी नहीं भुलाया जा सकता है, जिन्होंने अपनी शहादत देकर देश की माटी का कर्ज अदा किया। ऐसे वीरों को सम्मान देते उनके दिखाए मार्ग पर चल कर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में अमर शहीद कैप्टन पवन के स्मारक पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करके उनके बलिदान को नमन किया।